# निवेश को बढ़ावा देने के लिए नियमों में कई सुधार करेगी राज्य सरकार

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** राज्य सरकार इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत नियमों का सरलीकरण कर निवेश को बढ़ावा देगी। इसके लिए इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत कई सुधार किया जाएगा। सोमवार को इस बाबत केंद्र सरकार की सचिव, मीता राजीव लोचन ने राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार से मुलाकात की। लोचन ने निवेश पोर्टल पर राजस्व परिषद से संबंधित कठिनाइयों एवं सुझावों पर चर्चा की। राजस्व परिषद चेयरमैन अनिल कुमार ने कहा कि जल्द ही गांवों के सैटलाइट आधारित नक्शे राजस्व विभाग जारी करेगा। साथ ही भूमि संबंधित विभिन्न धाराओं का सरलीकरण और प्रक्रियाओं को पूरी तरह



ऑनलाइन किया जाएगा। अनिल ने कहा कि राज्य मुख्यमंत्री के निर्देशन में इज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए सतत प्रयासरत है। केंद्र सरकार की सचिव मीता राजीव लोचन ने राजस्व परिषद द्वारा किए जा रहे इन विशेष प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आशा जताई कि यह पहल राज्य में निवेश वातावरण को और अधिक सुगम बनाएगी।